संदेश

हिन्दी दिवस के अवसर पर केन्द्रीय माल और सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क भोपाल ज़ोन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी न केवल एक भाषा है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। राजभाषा हिंदी विभिन्न भाषाओं तथा संस्कृतियों के मध्य एक सेतु के रूप में कार्य करती है साथ ही यह हमारे विचारों, भावनाओं और अभिव्यक्तियों को सार्थक रूप से प्रकट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत की स्वतंत्रता के बाद हिंदी को 14 सितंबर 1949 को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। इस दिन को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। संविधान के अनुसार, हिंदी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है और इसे केंद्र सरकार की राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई है।

हिन्दी दिवस के अवसर पर मैं भोपाल जोन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि वे स्वयं भी अपना सरकारी काम-काज हिन्दी में करें और अपने सहकर्मियों को भी इसके लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें। हिन्दी दिवस के अवसर पर अपने- अपने कार्यालयों में पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और आयोजन को सफल बनाएँ।

हिन्दी दिवस के अवसर पर आप सभी को पुनः मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

मानस रंजन

मानस रंजन मोहंती
मुख्य आयुक्त भोपाल ज़ोन

भोपाल
14 सितंबर 2025